# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत के लिए नशा–मुक्त युवा संकल्प अभियान की नई दिल्ली में शुरुआत की। वर्चुअल माध्यम से उन्होंने कहा कि **विकसित भारत** के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना ज़रूरी है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन–शैली अपनानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा–मुक्ति के लिए सौ हफ़्ते का **जन–भागीदारी** अभियान शुरु किया जाएगा और देशभर में हर रविवार को साप्ताहिक कार्यक्रम होंगे।

**************************

जमशेदपुर में नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान **माय भारत** के स्वयंसेवकों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल युवा प्रतिभागियों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत के संदेश को अपने जीवन में अपनाएंगे और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

**************************

देश के कोयला उत्पादन में, जुलाई–2025 के मुकाबले, जुलाई 2026 में 7 दशमलव 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कोयला मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष जुलाई में, देश में कुल कोयला उत्पादन 69 दशमलव 75 मिलियन टन रहा। जुलाई–2026 में, कोयले की आपूर्ति जुलाई–2025 के मुकाबले 17 दशमलव 34 प्रतिशत अधिक रही। वित्त वर्ष 2026–27 में, जुलाई महीने तक कुल कोयला उत्पादन 302 दशमलव 24 मिलियन टन और कुल कोयला आपूर्ति 354 दशमलव 70 मिलियन टन रही है। यह पिछले वित्त वर्ष में जुलाई तक की तुलना में 5 दशमलव 87 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाती है।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपनी समस्या के समाधान की मांग को लेकर एक युवक रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम स्थित 100 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज बताया कि कई घंटों की मशक्कत और समझाए जाने के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक भर्ती परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरोध में टावर पर चढ़ा था। इन अनियमितताओं के कारण उसकी पत्नी को नौकरी नहीं मिल सकी।

**************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज फिट इंडिया मूवमेंट के तहत विकसित भारत के संकल्प के साथ नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी सैक्लोथॉन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक साइक्लोथॉन नहीं थी, बल्कि इसके माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी से पूरे देश को एक स्वस्थ, सशक्त और ऊर्जावान भारत के निर्माण का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि उनका मिशन स्वच्छ भारत, शारीरिक फिटनेस और नशा–मुक्त भारत को बढ़ावा देना है।

**************************

स्कॉटलैंड में, ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के अंतिम दिन आज जूडो में तीन भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक साइक्लिंग में पुरुषों की एक हज़ार मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में **रोनाल्डो लैतोंजाम** हिस्सा लेंगे। इधर, मुक्केबाजी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत सात स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर रहा। भारत के जूडो खिलाड़ियों ने भी चार पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पैरा–एथलीटों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल सात पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पदक–तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य के साथ कुल फिलहाल 39 पदक के साथ चौथे स्थान पर है।

**************************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर मंत्री ने लिखा है कि देश की बेटियों ने पांच बॉक्सिंग इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीते हैं। इन खिलाड़ियों के धैर्य और पक्के इरादे ने एक बार फिर देश को बहुत गौरवान्वित किया है और पूरे भारत में लाखों युवा एथलीटों को प्रेरित किया है।

**********समाप्त**********